## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–07.12.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **केन्द्र सरकार ने झारखंड समेत देशभर में पचासी केन्द्रीय विद्यालय और अट्ठाइस नवोदय विद्यालय खोलने का लिया निर्णय, कैबिनेट ने दी मंजूरी।**
2. **झारखंड हाईकोर्ट ने तीन माह में राज्य सरकार से मांगी भूमि सर्वे की स्टेट्स रिपोर्ट, मामले की अगली सुनवाई सात फरवरी को होगी।**
3. **रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से अपराधियों ने मांगी पचास लाख रुपये की रंगदारी, झारखंड पुलिस ने शुरु की मामले की जांच।**
4. **पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज करने का दिया निर्देश, आपराधिक घटनाओं पर भी लगाम लगाने पर जोर।**
5. **मौसम विभाग ने आठ और नौ दिसंबर को पूरे राज्य में बारिश का जताया पूर्वानुमान, बंगाल की खाड़ी में बन रहे पश्चिमी विक्षोभ का दिखेगा असर।**

*****************

केन्द्र सरकार ने पांच हजार आठ सौ बहत्तर करोड़ रुपये से अधिक की लागत से झारखंड समेत देशभर में पचासी केन्द्रीय विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है। साथ ही दो हजार तीन सौ उनसठ करोड बयासी लाख रुपये की लागत से अट्ठाइस नवोदय विद्यालय भी खोले जायेंगे। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने इन प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान कर दी है। नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को इसकी जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन नए केंद्रीय विद्यालयों के खुलने से देश में लगभग बयासी हजार पांच सौ साठ छात्रों को सस्ती, उच्च गुणात्मक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इस निर्णय से पांच हजार तीन सौ अट्ठासी नियमित पदों का सृजन होगा।

*****************

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से भूमि सर्वे की स्टेट्स रिपोर्ट मांगी है। वर्ष उन्नीस सौ अट्ठासी से शुरु किये गये भूमि सर्वे को पूरा करने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचन्द्र राव की पीठ ने राज्य सरकार को भूमि सर्वे को लेकर जवाब दायर करने का निर्देश दिया। राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया है। इसके बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए अगले वर्ष सात फरवरी की तिथि निर्धारित की।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा करने के बाद मंत्रिपरिषद की पहली बैठक की। बैठक में श्री सोरेन ने मंत्रियों को सत्रह बिन्दुओं पर दिशा निर्देश दिये। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में श्री सोरेन ने कहा कि दो माह में झारखंड के विकास का रोड मैप तैयार होगा।

मौके पर राज्य के नये स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि उन्हें जो जवाबदेही दी गयी है, वे उसे अच्छी तरह से निभायेंगे।

इधर, अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें जो टास्क दिया है, उसे ईमानदारी से पूरा करेंगे।

*****************

रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ से अपराधियों ने 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। अपराधियों ने श्री सेठ के मोबाइल पर मैसेज भेजकर तीन दिनों के भीतर पैसे देने की मांग की है। पैसा नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गयी है। श्री सेठ ने इसकी जानकारी दिल्ली में पुलिस को दी। दिल्ली पुलिस को प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि यह धमकी रांची के होसिर से दी गयी है। दिल्ली पुलिस ने इसकी जानकारी झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता को भी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीजीपी ने तत्काल मामले की जांच शुरु कर दी है।

*****************

*****************

राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज करने का निर्देश दिया है। रांची के धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये नक्सली विरोधी अभियान और न्यायालय की सुरक्षा से संबंधित समीक्षा बैठक में डीजीपी ने आपराधिक गुटों पर भी लगाम लगाने का निर्देश दिया। बैठक में राज्य के प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, सभी क्षेत्रीय पुलिस उप–महानिरीक्षक, सभी वरीय पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक शामिल हुए।

*****************

हजारीबाग में प्रवासी पक्षियों का आने का सिलसिला शुरू हो गया है। ठंड के मौसम में हर साल हजारों किलोमीटर की यात्रा तय करके ये पंक्षी हजारीबाग के विभिन्न जल स्रोतों के आसपास इकट्ठा होते हैं।

*****************

बंगाल की खाड़ी में बन रहे एक पश्चिमी विक्षोभ का असर झारखंड में अगले दो दिनों तक रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण आठ और नौ दिसंबर को लगभग सभी जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान अधिकतम तापमान में कमी आयेगी और न्यूनतम तापमान बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि दस दिसंबर से इसका असर समाप्त हो जायेगा, जिसके बाद ठंड और बढ़ जायेगी।

*****************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- जमशेदपुर के मानगो क्षेत्र के तुड़ियाबेड़ा की रहने वाली शोभा पाठक ने बत्तीसवें नेशनल कराटे चौंपियनशिप में ब्रांज मेडल हासिल किया है।
- साहिबगंज जिले में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान इस कुरीति को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया गया।
- जमशेदपुर के सिदगोड़ा स्थित जैप छह परिसर में नए समादेष्टा भवन का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक प्रिया दुबे शामिल हुईं।

- देवघर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष–सह– व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार ने  कुंडा स्थित बालिका सुधार गृह का निरीक्षण किया और कई निर्देश दिये।
- साहिबगंज जिले के उपायुक्त हेमंत सती ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये।

*********************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा मंत्रियों के बीच विभाग बांटने और मंत्रिपरिषद की बैठक की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
**दैनिक भास्कर ने लिखा है**–मंत्रियों के बीच बंटे विभाग, हेमंत ने अपने पास रखा गृह, कांग्रेस के राधाकृष्ण को मिला वित्त।
**प्रभात खबर की सुर्खी है**–मंत्रियों को सीएम की सलाह–विवादित कर्मियों को कार्यालय में न दें जगह।
**हिन्दुस्तान लिखता है**–विभाग बंटे, सीएम बोले जमीनी समीक्षा करें मंत्री।
**दैनिक जागरण के शब्द हैं**–मंत्रियों को विभाग आवंटित, कार्मिक, गृह, पथ और भवन मुख्यमंत्री के पास।
**अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स ने** मनु सिंघवी की सीट पर 500 रुपये की गडडी मिलने पर राज्यसभा में हुए हंगामे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है जबकि **द टाइम्स ऑफ इंडिया ने** रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में बदलाव नहीं करने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

*********समाप्त************